## संक्षिप्त

### चोरी के दो आरोपी पकड़े

**गंगापुर सिटी**। समीपवर्ती पिपलाई कस्बे के सुनार की दुकान से हुई चोरी का मामला बामनवास पुलिस ने सुलझा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सवाई माधोपुर अनिल कुमार बेनिवाल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बौली नीलकमल मीना और पुलिस उपाधीक्षक बामनवास सीताराम मीना के सुपरविजन में थानाधिकारी राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम ने आरोपियों को पकडा। घटना 15 मई 2025 की रात की है। चोरों ने पिपलाई में सुनार की दुकान का ताला तोडकर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चुरा ली थी। इस मामले में बामनवास थाने में प्रकरण संख्या 97/2025 दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल कॉल डिटेल का विश्लेषण भी किया गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर राजकुमार (21) पुत्र कन्हैयालाल, निवासी पिपलाई को पकड कर पुलिस की कडी पूछताछ में राजकुमार ने अपने साथी लोकेश (26) पुत्र हरकेश, निवासी पिपलाई का नाम बताया। दोनों से पूछताछ के बाद चोरी की पुष्टि हुई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों को पीसी रिमांड लिया है। चोरी गए आभूषणों की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। इस कार्रवाई में थानाधिकारी राकेश शर्मा, सहायक उपनिरीक्षक वीर सिंह, कॉन्स्टेबल ओमप्रकाश, राकेश और मोनू धाकड शामिल रहे।

### भगवान शिव की विशेष पूजा

**पावटा**। सावन महीना देवों के देव महादेव भगवान शिव जी का पवित्र महीना माना जाता है। मान्यता है कि यह महीना भगवान भोलेनाथ जी को अतिप्रिय है और जो भक्तगण इस पवित्र महीना में प्रतिदिन भगवान शिवजी की पूजा-अर्चना रुद्राभिषेक यज्ञ का आयोजन विधि विधान से करते हैं उनकी समस्त मनोकामनाएं भगवान भोलेनाथ जी पूरी करते हैं।

# गांव दतवास में जर्जर स्कूल बिल्डिंग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन



पुलिस ने धरना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों से समझाइश की।

■ स्कूल जर्जर मुद्दे पर गत वर्ष भी छात्रों ने धरना प्रदर्शन किया था और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया था, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।

**टोंक**। निवाई उपखण्ड क्षेत्र के ग्राम दतवास में जयपुर-सवाईमाधोपुर मार्ग पर राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय के सामने छात्राओं, अभिभावकों और ग्रामीणों ने रोड जाम कर प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणो ने बताया कि विद्यालय की बिल्डिंग इतनी जर्जर हो गई है कि बारिश के दिनों में बैठने की जगह नहीं है और दीवारों में दरारें पड गई हैं, इससे बिल्डिंग गिरने का खतरा बना हुआ है। इस मुद्दे पर गत वर्ष भी छात्रों ने धरना प्रदर्शन किया था और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया था, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। जाम की सूचना मिलने पर दतवास थानाधिकारी कालूराम मीणा मय पुलिस जाप्ते के मौके पर पहुंचे तथा धरना पर मौजूद छात्राओं और अभिभावकों को समझाने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी उच्च अधिकारियों को बुलाने पर अडे रहे। बाद में थानाधिकारी ने उच्च अधिकारियों को सूचना दी, जिसके बाद नायब तहसीलदार जीवन राम शर्मा, वृताधिकारी निवाई मृत्युंजय मिश्रा और बीईओ मंजू शर्मा मौके पर पहुंचे। इस दौरान उच्चाधिकारियों ने पीडब्ल्यूडी के एईएन को मौके पर भी बुलाया गया, पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि विद्यालय भवन क्षतिग्रस्त है और इसमें विद्यालय का संचालन नहीं किया जा सकता। जिस पर अधिकारियों ने मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी से फोन पर बात कर विद्यालय को थाने के समीप के भवन में शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया।

## सार-समाचार

### शांतिपूर्ण होगी महापंचायत



**सवाई माधोपुर**। जिला कलेक्टर काना राम एवं जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बैनीवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 27 जुलाई को मकसूदनपुरा में प्रस्तावित डूंगरी बांध संबंधी महापंचायत को लेकर प्रशासन और महापंचायत कमेटी के सदस्यों के साथ सद्भावपूर्ण माहौल में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ईआरसीपी के सहायक अभियंता दीपक प्रजापत द्वारा प्रस्तावित डूंगरी बांध की स्थिति पर तकनीकी ब्रीफिंग दी गई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में केवल सेटेलाइट के माध्यम से संभावित हवाई सर्वेक्षण किया गया है, जबकि विस्तृत भौतिक सर्वे अभी शेष है। इस तकनीकी जानकारी के आधार पर आयोजकों को स्पष्ट किया गया कि परियोजना फिलहाल प्रारंभिक स्तर पर है और अंतिम निर्णय के लिए विस्तृत सर्वे के उपरांत ही कोई प्रक्रिया अपनाई जाएगी। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने आयोजकों से शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से महापंचायत आयोजित करने की अपील की, जिस पर आयोजकों ने सहमति जताते हुए शांतिपूर्ण आयोजन का आश्वासन दिया। बैठक के पश्चात अधिकांश आयोजक प्रशासन की बातों से संतुष्ट नजर आए। इस महत्वपूर्ण बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उपखंड अधिकारी मलारना डूंगर चंद्रप्रकाश वर्मा, तहसीलदार रामजी लाल मीणा, पटवारी प्रेमराज मीणा, गिरदावर रूपसिंह मीणा सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। महापंचायत समिति एवं आयोजनकर्ताओं की ओर से सरपंच पति मकसूदनपुरा मोहर सिंह गुर्जर, मलारना स्टेशन जगदीश सिंह गुर्जर, पूर्व सरपंच पनियाला मटरूलाल गुर्जर, पूर्व सरपंच ऐबरा रामकिशन गुर्जर, रिटायर्ड फौजी रामसहाय गुर्जर (ऐबरा), पूर्व सरपंच मकसूदनपुरा रामकरण गुर्जर, बाबूलाल गुर्जर (श्यामोली), किशनलाल गुर्जर (बिलोली नदी), तथा लक्ष्मण गुर्जर (जमादार, मकसूदनपुरा) सहित अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की भ्रांतियों से बचते हुए सभी विषयों पर खुला संवाद ही समाधान का आधार है।

### चोरी करने के दो आरोपी पकड़े

**बौंली -बामनवास**। क्षेत्र के पिपलाई कस्बे से 15 मई 2025 को सुनार की दुकान से शटर का ताला तोड़कर सोना, चांदी के आभूषण व नगदी चोरी करने के आरोपी राजकुमार ब्राह्मण उम्र 21 वर्ष निवासी पिपलाई व लोकेश रैगर उम्र 26 वर्ष निवासी पिपलाई को बामनवास थाना पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बामनवास थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि 15 मई 2025 की रात्रि को पिपलाई कस्बे में सुनार की दुकान से अज्ञात चोर सटर का ताला तोड़कर सोना, चांदी के आभूषण व नगदी चुरा ले गए थे, इस मामले में पुलिस थाना बामनवास में प्रकरण संख्या 97 /2025 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया, इस मामले को लेकर सहायक उप निरीक्षक वीर सिंह कांस्टेबल ओमप्रकाश, राकेश व मोनू धाकड़ की गठित टीम ने घटनास्थल पर बारीकी से निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज व मोबाइल डिटेल के आधार पर आरोपी राजकुमार ब्राह्मण को दस्तयाब कर पूछताछ की गई, पूछताछ पर आरोपी द्वारा अपने साथी लोकेश रैगर का भी घटना में शामिल होना पाया गया।

# झालावाड हादसे में नरेश मीणा की गिरफ्तारी पर मीणापाडा मोड पर रास्ता जाम

■ गंगापुर सिटी शनिवार को भारतीय किसान यूनियन ने मीणापाडा स्टैंड पर बडा प्रदर्शन करते हुए सवाई माधोपुर गंगापुर मेघा हाइवे को कटिली झांडियां डाल कर अवरोध कर दिया। यूनियन के प्रदेश प्रभारी मदन मोहन राजौर के नेतृत्व में दर्जनों किसान और जनप्रतिनिधि गंगापुर सिटी-सवाई माधोपुर स्टेट हाईवे पर पहुंचे। उन्होंने सडक पर जाम लगाकर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई।

**गंगापुर सिटी**। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन ने मीणापाडा स्टैंड पर बडा प्रदर्शन करते हुए सवाई माधोपुर गंगापुर मेघा हाइवे को कटिली झांडियां डाल कर अवरोध कर दिया। यूनियन के प्रदेश प्रभारी मदन मोहन राजौर के नेतृत्व में दर्जनों किसान और जनप्रतिनिधि गंगापुर सिटी-सवाई माधोपुर स्टेट हाईवे पर पहुंचे। उन्होंने सडक पर जाम लगाकर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। यह प्रदर्शन झालावाड स्कूल हादसे में न्याय की मांग और नरेश मीणा की गिरफ्तारी के विरोध में आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि नरेश मीणा पीडितों को न्याय दिलाने की मांग कर रहे थे। इसलिए, उनकी गिरफ्तारी गलत है। प्रदर्शन के दौरान यूनियन पदाधिकारियों ने थाना अधिकारी वीर सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में नरेश मीणा की बिना शर्त रिहाई, दोषियों पर सख्त कार्रवाई और स्कूल हादसे की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई। मदन मोहन राजौर ने चेतावनी दी कि यदि नरेश मीणा को शाम तक रिहा नहीं किया गया तो दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक जाम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक पीडति परिवार को न्याय नहीं मिलता, आंदोलन जारी रहेगा। सरकार ने यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रशासन मौके पर मौजूद रहा। करीब एक घंटे तक चले जाम से यातायात प्रभावित रहा। बाद में समझाइश के बाद प्रदर्शनकारी शांतिपूर्वक हट गए। प्रदर्शन में बडी संख्या में ग्रामीण, किसान और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। ज्ञापन में पांच प्रमुख मांगें रखी गईं। इनमें नरेश मीणा की तत्काल रिहाई, स्कूल हादसे की उच्च स्तरीय जांच, दोषी अधिकारियों और ठेकेदार पर कार्रवाई शामिल हैं। साथ ही मृतकों और घायलों के परिजनों को मुआवजा और सरकारी सहायता और सरकारी स्कूल भवनों की स्थिति की जांच और सुधार की मांग भी की गई। भारतीय किसान यूनियन ने स्पष्ट किया कि जब तक इन मांगों पर कार्रवाई नहीं होती, संघर्ष जारी रहेगा।

# फुलेरा जंक्शन पर ट्रेन का ठहराव होगा

■ सीनियर डी ओ एम मीणा द्वारा आदेश जारी कर दिए कि जयपुर भोपाल ट्रेन 19711 अब फुलेरा जंक्शन पर 4 मिनट ठहराव करके जाएगी। वहीं आगे बताया कि इसके आदेश की कॉपी फुलेरा भी भिजवा दी गई है।

**फुलेरा**। पिछले कई महीनों से दैनिक रेल यात्रियों के सामने एक गंभीर समस्या आ रही थी कि रतलाम ट्रेन (जयपुर भोपाल ट्रेन 19711) में जयपुर, कनकपुरा से काफी संख्या में दैनिक रेल यात्री शाम को फुलेरा जाते है। गौरतलब है कि यहां पर यात्रियों की भीड अधिक होने के कारण काफी पैसेंजर्स को ट्रेन में चढ़ने व उतरने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। यहां तक कि यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने व उतरने से पहले ही ट्रेन को रवाना कर दिया जाता था। जबकि ट्रेन का स्टॉपेज अधिकारीक रूप से 2 मिनट का है, लगभग मगर 1 मिनट रवाना कर दिया था, कई बार तो ट्रेन रूकने से पहले ही सिगनल दे दिए जाते थे। इसके चलते ट्रेन में चढ़ने वाले पैसेंजर भी कई बार रह जाते थे।

इस समस्या को लेकर दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत के अध्यक्ष व शिष्ट मण्डल ने गुरुवार को सीनियर डी ओ एम अजीत मीना से मुलाकात कर इस समस्या से अवगत कराया, साथ ही अन्य बिन्दुओं को लेकर विस्तार से चर्चा भी की गई। वहीं बीकानेर ट्रेन के लिए भी बताया गया कि यह ट्रेन भी फुलेरा कम समय रुक कर जाती है। जिस पर तुरन्त कार्रवाई करते हुए सीनियर डी ओ एम मीणा द्वारा आदेश जारी कर दिए कि जयपुर भोपाल ट्रेन 19711 अब फुलेरा जंक्शन पर 4 मिनट ठहराव करके जाएगी। वहीं आगे बताया कि इसके आदेश की कॉपी फुलेरा भी भिजवा दी गई है।

# खैरथल में बन रही विदेशी रसोई को देखने आए "गुरु द्रोणाचार्य" सुरेंद्र पाल व अभिनेत्री सिमरन

■ खैरथल में 40 फुटा रोड पर बनकर तैयार हो रहे हे इंटरनेशनल कैफे व विदेशी रसोई




विदेशी रसोई के मालिक मोहन शर्मा ने फिल्मी सितारों का शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

**खैरथल**। खैरथल में 40 फुटा रोड पर बनकर तैयार हो रहे इंटरनेशनल कैफे व विदेशी रसोई पर शनिवार को टीवी सीरियल महाभारत में "द्रोणाचार्य" बने टीवी इंडस्ट्री के दिग्गज अभिनेता सुरेंद्र पाल और इंटरनेशनल शो एंकर, अभिनेत्री व पूर्व मिस इंडिया सिमरन आहूजा पहुंची। इस दौरान विदेशी रसोई के मालिक मोहन शर्मा ने फिल्मी सितारों का शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

अभिनेता सुरेंद्र पाल टीवी सीरियल शक्तिमान में किलविश और देवों के देव महादेव में दक्ष प्रजापति सहित कई फिल्मों और टीवी सीरियलों में प्रमुख भूमिकाओं में दर्शकों पर अपने सशक्त अभिनय की छाप छोड़ चुके हैं। वहीं अभिनेत्री सिमरन आहूजा आईफा अवॉर्ड, फिल्म फेयर अवॉर्ड की रेड कार्पेट होस्ट के रूप में चर्चित होने के साथ ही, सिंधी भाषा की फिल्म "सिमरन" की लीड एक्ट्रेस होने के कारण भी पूरे विश्व के सिंधी समाज में प्रसिद्ध है।

खैरथल में निर्माणाधीन विदेशी रसोई में बनी आकर्षक विदेशी पेंटिंग्स की भी दोनों फिल्मी सितारों ने काफी तारीफ की। इस दौरान विदेशी रसोई के मलिक मोहन शर्मा ने बताया रसोई का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अगस्त में शुरू कर दी जाएगी। इंटरनेशनल कैफे व विदेशी रसोई के शुरू होने का खैरथल सहित आसपास के लोगों को बेसब्री से इंतजार है। इस अवसर पर डॉ. विमला गौड़, निशांत शर्मा, प्रशांत शर्मा, ज्योति शर्मा, मयंक शर्मा, चिरायु शर्मा, कनिष्का शर्मा, विदेशी रसोई की महाप्रबंधक दिव्या वासवानी, शेफ जितेंद्र सिंह, घनश्याम भारती, दिनेश मखीजा, मोहित लालवानी, सोनू लोढ़ा व भगत सिंह आदि मौजूद रहे।

## हादसों के इंतजार में स्कूल भवन

**फुलेरा**। कस्बे के निकटवर्ती काचरोदा पंचायत के अधिनस्थ बड़ की ढाणी में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बड की ढाणी में विद्यालय के हालात इतने भयावह है, कि विद्यालय के हर बच्चे के मन में डर पैदा हो गया है। इसका मुख्य कारण हाल ही में झालावाड़ के एक सरकारी स्कूल में हुआ हादसा है। गौरतलब है कि इस विद्यालय में कुल आठ कक्षा कक्ष है। जिसमें छः कमरों में विद्यार्थी बैठकर पढ़ाई करते है और बाकी एक कमरे में ऑफिस है, तो वह एक में रसोई बनाई हुई है। लेकिन विद्यालय के सभी कमरों की छतों में बड़े बड़े छेद हो रहे है। जिसके कारण पानी कमरों में भर जाता है। ऐसे में ज्यादा पानी भरने से विद्यालय के कमरों में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य पूरणमल नायक ने बताया कि यहां की समस्याओं और छतों की मरम्मत के लिए पिछले करीब चार वर्षों से शिक्षा विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को लगातार पत्र और ज्ञापन दिया जा रहा है और प्रत्यक्ष में भी अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद भी उक्त समस्या की ओर किसी का भी ध्यान नही जा रहा है। या यूं कहें कि झालावाड़ में हुए हादसे की जैसे ही किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक पूरणमल नायक ने बताया।

# बच्चों को स्वच्छता दिनचर्या में शामिल करने की प्रेरणा दी

■ स्वच्छ भारत मिशन के तहत गंगापुर सिटी में चला विशेष

■ स्वच्छता का संदेश समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। नगर परिषद की टीम ने छात्रों को हाथ धोने की 6 स्टेप प्रक्रिया का प्रायोगिक प्रदर्शन किया। इसमें हथेलियों को रगडना आदि शामिल है।

**गंगापुर सिटी। नगर परिषद ने स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के अंतर्गत सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान-2025 की शुरुआत की है। सभापति शिवरतन अग्रवाल के निर्देशानुसार केशवा एकेडमी सी. स्कूल में एक प्रेरणादायक** कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने स्कूल के मैदान पर बैठकर एसएबीबी शब्द की मानव आकृति बनाई। यह आकृति सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ का प्रतीक चिन्ह है। इस प्रयास से स्वच्छता का संदेश समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। नगर परिषद की टीम ने छात्रों को हाथ धोने की 6 स्टेप प्रक्रिया का प्रायोगिक प्रदर्शन किया। इसमें हथेलियों को रगडना, हाथ की पिछली सतह, उंगलियों के बीच, उंगलियों की पिछली सतह, अंगूठे और नाखूनों की सफाई शामिल थी। टीम ने बताया कि हाथ धोने से डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड और डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव संभव है।कार्यक्रम में छात्रों को अभियान के 6 मूल मंत्र भी समझाए गए। इनमें स्वच्छ हाथ, स्वच्छ घर, स्वच्छ पडोस, स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ नालियां और जल निकाय, तथा स्वच्छ सार्वजनिक स्थल शामिल हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक पाठक ने बच्चों को स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि घर और आसपास का वातावरण साफ रखना अत्यंत आवश्यक है। नगर परिषद आयुक्त बृजेन्द्र मीना ने बताया कि यह अभियान पूरे जुलाई माह चलेगा। शहर के विभिन्न स्कूलों, आंगनवाडयों और सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता अपनाएं और बीमारियों से स्वयं को तथा अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

## आमजन की जागरूकता से दिव्यांग को मिला व्हील चेयर

**पावटा**। शुक्रवार को उपखंड पावटा क्षेत्र में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाली दिव्यांग सुनीता पुत्री अंबाजी को उसकी स्थिति देखकर सामाजिक कार्यकर्ता टिंकू प्रजापति ने व्हील चेयर दिलवाने के लिए संबंधित विभागों में अधिकारियों से मिलने पहुंचे और उन्हें दिव्यांग सुनीता की समस्या से अवगत कराया। जिस पर सामाजिक कल्याण विभाग अधिकारी गेंदालाल ने दिव्यांग की कहानी सुनकर व्यथित हो गए और दिव्यांग सुनीता व्हील चेयर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सामाजिक कार्यकर्ता टिंकू प्रजापति की जागरूकता व सामाजिक कल्याण विभाग अधिकारी गेंदालाल की संवेदनशीलता के कारण दिव्यांग सुनीता को व्हील चेयर उपलब्ध हो गया। जिसे एसडीएम कपिल उपाध्याय ने अपने हाथों से दिव्यांग सुनीता को सौंपा। व्हील चेयर पाकर दिव्यांग सुनीता को और परिजनों के चेहरे खिल उठे। वही एसडीएम कपिल उपाध्याय ने दिव्यांग सुनीता को पेंसन,राशन, स्कुटी एवं अन्य लाभ दिलवाने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व टिंकू प्रजापति ने सम्बंधित अधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांग सुनीता को चलने फिरने में अभी काफी असुविधा होती है।

# करौली जिला बनने के 28 वर्ष बाद भी मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं लोग

**करौली**। बिजली की अघोषित कटौती ने भीषण उमस भरी गर्मी में आम जन को झकझोर कर रख दिया कहने को तो करौली जिला मुख्यालय है लेकिन जिला मुख्यालय स्थित शहर वासी मूलभूत सुविधाओं के लिए किस तरह तृस्त है जिसको बया नहीं की जा सकता करौली को जिला बने 28 वर्ष पूरे हो चुके हैं लेकिन जिला मुख्यालय स्थित शहर वासी आज भी बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है और जिले मुख्यालय पर बैठे सभी विभागों के आला अधिकारी जनता की मूलभूत सुविधाओं को नजर अंदाज कर रहे हैं लोग आए दिन मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रशासन के अधिकारियों को अवगत करा रहे हैं उसके उपरांत भी कोई सुनने को तैयार नहीं है ना ही समस्या के समाधान के लिए तैयार है बिजली की समस्या को देखें तो यहां ऐसा लगता है की विद्युत निगम के अधिकारी,कर्मचारी बे लगाम है जो जनता के मोबाइलों को उठा कर जवाब तक नहीं देते हैं शनिवार को दोपहर बाद 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक शहर के करीब आधा दर्जन से अधिक कॉलोनी की बिजली गुल रहने से उमस भीषण गर्मी ने आम जन को झकझोर कर रख दिया लोगों ने विद्युत निगम के अधिकारियों से अघोषित विद्युत कटौती की जानकारी के लिए काफी मोबाइलों पर टेलीफोन किए गए लेकिन किसी ने पलट कर जवाब तक नहीं दिया यह जिला मुख्यालय के अधिकारियों के हाल देखे जा रहे हैं इसके अलावा शहर में कई कॉलोनी की पेयजल सप्लाई के भी हालत बड़े खस्ता देखे जा रहे हैं जहां नियमित रूप से पेयजल सप्लाई नहीं मिलने से लोगों को महंगे दामों में कैंपर खरीद कर प्यास बुझाई जा रही है इसके अलावा शहर के प्रमुख गुलाब बाग से लेकर कोतवाली के सामने हिंडौन गेट, फूटा कोट तक मुख्य सड़क मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे पढ़ रहे हैं गंभीर जनक बात तो यह है कि यह शहर का सबसे व्यस्ततम सड़क मार्ग है जिस सड़क मार्ग पर प्रात: 4:00 से लेकर शाम 9:00 बजे तक लोगों का शहर के अलावा यहां के प्रमुख आराध्य श्री मदन मोहन जी के दर्शनों के लिए लोग बड़ी संख्या में प्रतिदिन जाते हैं जिनमे वह लोग भी शामिल हैं जो 60 और 70 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं उनको इस जर्जर सड़क मार्ग पर मदन मोहन जी मंदिर दर्शन करने के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन समस्या के समाधान के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है इसके अलावा शहर का एकमात्र शमशान घाट मासलपुर गेट पर स्थित है जहां प्रतिदिन पूरे शहर में से इसी श्मशान घाट पर लोग मृतक के शवो को अंतिम संस्कार के लिए ले जाते हैं उनसे पूछा जाए की और उसे जर्जर सड़क मार्ग से शवो को अंतिम संस्कार के लिए कितनी कठिनाइयों से पहुंचाया जाता है जिसके लिए शहर के प्रमुख लोगों सामाजिक संगठनों के लोगों ने न जाने कितनी बार जिला प्रशासन के अधिकारियों और सरकार के विधायक, सांसद, मंत्रियों तक श्मशान घाट के सड़क मार्ग को सही करने की मांग कर चुके हैं।

## सहस्त्रघट का आयोजन

**फुलेरा (निसं)**। नरैना के मोदानी नगर में चल रहे मासिक सहस्त्रघट सिंजारे के पावन अवसर पर नरैना के पूर्व सरपंच व पूर्व पंस सदस्या सुशीला देवी-नाथुलाल टांक ने अपने परिवारजनों के साथ ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में पंडित चंद्रशेखर शास्त्री के आचार्यत्व में अन्य विद्वान पंडितों के साथ सहस्त्रघट कर खुशहाली की कामना की। सांय रामचरण परवाल ने शिव परिवार का मनभावन श्रृंगार किया। आरती से पूर्व उपस्थित परिवार की महिलाओं व पुरुषों ने भक्तिमय भजनों की मधुर स्वरलहरियों के साथ जमकर नृत्य किया। संगीतमय आरती के पश्चात उपस्थित शिवभक्तों ने प्रसादी ठाहण की। इस दौरान टांक परिवार के नरेश-ज्योति, मुकेश-माधुरी, कैलाश-पन्ना, संजय-इन्द्रा, अमर चन्द, जय, सोमेश, प्रतीक, रिंकू, चिंटू, हर्षित टांक, चन्द्रकान्ता परवाल सहित क्षेत्र के अन्य कई लोग उपस्थित रहे। वहीं सिंजारे के अवसर पर महिलाओं व बच्चों ने झूलों का जमकर आनन्द लिया। गौरतलब है कि नाथूलाल टांक फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के कद्दावर नेता है, जिन्हें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कांठोस के बड़े नेता व पूर्व मंत्री नाम व चेहरे से बहुत अच्छी तरह जानते हैं।

# देवयानी तीर्थ स्थल पर कावड़ियों के ठहरने व भोजन की निशुल्क व्यवस्था

■ सांभर में सामूहिक योगदान की मिसाल बना कांवडिया सेवा शिविर



सांभर देवयानी स्थल पर कांवडियों के लिए 24 घंटे भोजन नाश्ता और ठहरने की व्यवस्था की गई है।

**सांभरझील, (निसं)**। ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी के नाम से प्रसिद्ध शाकंभर के प्राचीन नाम को भूलकर भले ही अब सांभर अपभ्रंश हो गया हो, लेकिन जहां शाकंभर माता का आशीर्वाद यहां के लोगों को हमेशा ही मिलता रहा है वही दैत्य गुरु शुक्राचार्य की पुत्री देवयानी तीर्थ स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को भी एक असीम शांति का अनुभव होता है। यहां इन दिनों सावन माह के चलते प्रतिदिन सैकडो की संख्या में देवयानी तीर्थ स्थल पर कांवड़ियों का दल पवित्र जल लेकर जब बम भोले, ओम नम: शिवाय के जयकारों के साथ कदमताल करता हुआ चलता है तो भोलेनाथ के भक्त पूरी तरह से भक्ति में डूबे नजर आते हैं।

आने वाले कावड़ियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसके लिए 24 घंटे भोजन नाश्ता और ठहरने की व्यवस्था का निशुल्क इंतजाम कर यहां के लोग उसे परमात्मा की सेवा मानते हैं। यहां श्रद्धालुओं के योगदान से नीलकंठ महादेव मंदिर के सामने कांवड़ियों की सेवा करने वालों का दल हमेशा ही तत्पर रहता है। इसके लिए व्यवस्था पूरी तरह से चाक चौबंद बनी रहे इसके लिए कांवडिया सेवा शिविर कार्यकर्ता के नाम से एक ग्रुप भी बनाया हुआ है। खास बात यह है कि यदि रात्रि में भी कावड़ियों का दल यहां पहुंचता है तो उसके लिए गरमा गरम भोजन की व्यवस्था कर उन्हें श्रद्धा के साथ पंगत प्रसादी दी जाती है भोजन बनने से पहले उनके लिए नाश्ते का भी इंतजाम भी किया जाता है।